# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–16.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री से मिले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्य की वर्तमान परिस्थितियों, विकास कार्यों और भावी रणनीतियों पर किया विचार–विमर्श ।**
- **पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का आरोप राज्य की हेमंत सरकार से उठ रहा जनता का विश्वास, झामुमो और कांग्रेस का पलटवार–सरकार हर मुद्दे पर गंभीर।**
- **पद्म पुरस्कार–2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन शुरू, 31 जुलाई 2025 नामांकन की अंतिम तारीख।**
- **मुख्यमंत्री ने राज्य वासियों से की पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की अपील, नेमरा में बाहा पर्व में हुए शामिल, राज्य के सर्वांगीण विकास की कामना की।**
- **मौसम विभाग ने आज राज्य के सात जिलों में हीट वेव चलने की दी चेतावनी , लोगों को इससे बचने की दी सलाह।**

*******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने लिखा कि चर्चा के दौरान प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों, विकास कार्यों और भविष्य की रणनीतियों पर विचार–विमर्श हुआ है। श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश को प्रगति के नए आयाम देने के लिए हम सभी संकल्पित हैं।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने बोकारो में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राज्य की जनता का हेमन्त सरकार पर से विश्वास उठता जा रहा है। वर्तमान सरकार जन उम्मीदों को पूरा नहीं कर पा रही है। इधर भाजपा के आरोपों पर सत्ता दल के नेताओं ने पलटवार किया है  कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि हेमंत सरकार हर मुद्दे पर संवेदनशील और गंभीर है

*******************

गिरिडीह जिले के घोडथंबा में होली जुलूस के दौरान हिंसक झड़प मामले में पुलिस ने अबतक दोनों पक्ष से 22 लोगों को गिरफ्तार किया है । जिले के पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने बताया कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आज शाम साढे पांच बजे प्रसारित होने वाले लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत का अपना पॉडकास्ट साक्षात्कार सुनने का अनुरोध किया है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि उनकी श्री फ्रिडमैन के साथ बातचीत शानदार रही है। इस बातचीत में श्री मोदी के बचपन, हिमालय में बिताएं गए वर्ष और सार्वजनिक जीवन समेत कई अन्य मुद्दों को शामिल किया गया है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्यवासियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की है । मुख्यमंत्री कल रामगढ़ जिला के नेमरा मे आय़ोजित बाहा पर्व में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने जाहेरथान में पारंपरिक विधि–विधान से पूजा अर्चना कर राज्य के सर्वांगीण विकास की कामना की। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें प्रकृति से जुड़े रहने का संदेश देता है। ऐसे पर्व–त्योहारों के माध्यम से हम आदिवासी परंपरा औऱ कला संस्कृति को संरक्षित औऱ आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

*******************

गुमला में युवाओं को रोजगार से जोड़ने और पलायन रोकने के लिए  आगामी 26 मार्च से तीस दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

*******************

गिरिडीह जिले की निमियाघाट थाना पुलिस ने प्रतापपुर बिजली सबस्टेशन से चोरी करने वाले सात अपराधियों को धनबाद से गिरफ्तार किया है। डुमरी के एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि

गिरफ्तार अंतर जिला आपराधिक गिरोह बैटरी , कॉपर और लोहे की चोरी करता है। इनके पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है।

*******************

अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्‌म पुरस्कार–2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन शुरू हो गये। नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 है। पद्‌म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी। एक रिपोर्ट

*******************

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के फाइनल में कल रात मुंबई में मुंबई इंडियंस ने डेल्ही कैपिटल्स को आठ रन से हराकर दूसरी बार खिताब जीत लिया है । हरमीनप्रीत कौर को प्लेयर ऑफ द् मैच का पुरस्कार दिया गया। नेट सिवर ब्रंट को टूर्नामेंट का सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी चुना गया।

*******************

**नयी दिल्ली में हॉकी इंडिया के सातवें सालाना पुरस्कारों की घोषणा की गई। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। दिग्गज गोलकीपर सविता को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार मिला।पचास वर्ष पहले 15 मार्च को ही कुआलालम्पुर में भारत को एकमात्र विश्व कप जिताने वाली अजितपाल सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया।**

*******************

राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आज झारखंड राज्यस्तरीय वुडबॉल चयन ट्रॉयल सह प्रतियोगिता का आयोजन होगा। यह प्रतियोगिता बालक और बालिकाओं के सीनियर और जूनियर श्रेणी में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी 22 से 26 मार्च तक नागपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में हीट वेव चलने को लेकर अगले दो दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग रांची केन्द्र ने आज पलामू, गढ़वा, धनबाद, बोकारो, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम इन सात जिलों में आज हीट वेव को लेकर चेतावनी दी है वहीं कल के लिए भी राज्य के पांच जिलों में हीट वेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम केंद्र ने हीट वेव की अधिक संभावना वाले जिलों के लोगों के लिए इससे बचने के लिए विशेष सलाह भी दी है।

*******************

**अखबारों के वेबसाइट की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों की वेबसाइट पर आज
राज्य में चढ़ती गर्मी की खबर को प्रमुखता से लिया गया है।

**प्रभात खबर** की खबर है झारखंड का तापमान 39 डिग्री के पार, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो समेत कई जिलों में चल रही लू

**दैनिक भास्कर** लिखता है – झारखंड में जून में आएगा मैट्रिक–इंटर का रिजल्ट 25 मार्च तक ली जाएगी प्रैक्टिकल परीक्षाएं,

**हिंदुस्तान** की सुर्खी है धनबाद के मॉल में लगी आग, अचानक फायर अलार्म बजने से मची भगदड़।

और **जागरण** ने लिखा है– गिरिडीह में पावर सब स्टेशन में लूटकांड के 7 आरोपी गिरफ्तार

******समाप्त********